दिन– रविवार दिनांक– 28 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में आज राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की संस्कृति अद्वितीय है और पूरे विश्व में इसकी सराहना की जाती है। प्रधानमंत्री ने असम के चराइदेव मैदान को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इन स्थलों की सूची में भारत का 43वां स्थल होगा और यह पूर्वोत्तर का पहला सांस्कृतिक विश्व धरोहर स्थल होगा। श्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में विकास के लिए नये प्रयोग किए जा रहे है। प्रधानमंत्री ने हथकरघा उद्योग की चर्चा करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह में शामिल महिलाएं इस क्षेत्र में विशेष कार्य कर रही है। श्री मोदी ने हरियाणा के रोहतक जिले की दो सौ पचास महिलाओं की सराहना की। जिन्होंने ब्लॉक प्रिंटिंग और रंगाई का प्रशिक्षण लिया और आज उनके बनाए उत्पाद बेड कवर, साड़ियाँ और दुपट्टों की बाजार में काफी मांग है। श्री मोदी ने कहा कि अगले महीने की 7 तारीख को देश में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने देशवासियों से इस अवसर पर हथकरघा उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो चार सौ प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने उन श्रोताओं से आग्रह किया, जिन्होंने खादी के कपड़े नहीं खरीदे हैं, वे इस वर्ष से इसकी खरीदारी शुरू करें। उन्होंने कहा कि अगस्त करीब है, खादी खरीदने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से ओलम्पिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का भी आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की। मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर परिवार चिंतित है कि उनका बच्चा मादक पदार्थों के व्यसन में पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने मानस नामक एक विशेष पहल की है, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एक कदम है। मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल हाल ही में लॉन्च किया गया और एक टोल–फ्री नंबर–1933 भीजारी किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि कोई भी

व्यक्ति पुनर्वास से संबंधित आवश्यक सलाह या जानकारी प्राप्त करने के लिए इस नंबर पर कॉल कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दुनिया भर में कल मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाघ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं और जंगलों के आसपास के गांवों में लोग बाघ के साथ सद्भाव से रहना जानते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि बड़ी संख्या में लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी मां के नाम पर पौधे लगाने के इस अभियान से जुड़ें और सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से 15 अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा।

———————————————————————

प्रदेश में कई सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पटना में इस अवसर पर पार्टी के संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया और बिहार झारखंड में क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेन्द्रनाथ उपस्थित थे।

———————————————————————

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस में बिहार को विशेष वित्तीय मदद दिए जाने का सराहना की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए बिहार के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर होने से वर्षापात में कमी आई है। मौसम विभाग ने कहा है कि तीस जुलाई से राज्य में वर्षा आधारित गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। इसके चलते तीस और इकतीस जुलाई को अच्छी बारिश हो सकती है। वहीं, आज और कल राज्य के उत्तर–पूर्व और पश्चिमी हिस्सों में एक या दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है।

———————————————————————

समाप्त